
इंडियन रेलवे केटरिंग एण्ड टूरिज्म कॉरपोरेशन लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम–मिनी रत्न)
INDIAN RAILWAY CATERING AND TOURISM CORPORATION LTD.
(A Govt. of India Entrprise-Mini Ratna)
CIN: L74899DL1999GOI101707
Website: www.irctc.com, Email: info@irctc.com

# "अब आईआरसीटीसी के साथ बसों को भी बुक करें"

नई दिल्ली, **5** फरवरी, 2021: इंडियन रेलवे केटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन लिमिटेड, माननीय रेल मंत्री, वाणिज्य और उद्योग मंत्री और उपभोक्ता मामलों के मंत्री, खाद्य और सार्वजनिक वितरण के नेतृत्व में, धीरे-धीरे स्वयं को देश का पहला सरकारी वन स्टॉप शॉप ट्रैवल पोर्टल की स्थिति की ओर लगातार अग्रसर है।




ग्राहकों को सम्पूर्ण यात्रा का अनुभव प्रदान करने के लिए, आईआरसीटीसी पहले से ही ऑनलाइन रेल और फ्लाइट टिकट बुकिंग के व्यवसाय में है। वर्तमान में समय की मांग एवं यात्री सुविधा को ध्यान में रखते हुए आईआरसीटीसी ने 29 जनवरी, 2021 को देश की सेवा के लिए ऑनलाइन बस बुकिंग सेवाओं को प्रारंभ किया है। आईआरसीटीसी मोबाइल-एप पर इस सेवा का समाकलन मार्च के पहले सप्ताह में संभवत: पूरा कर लिया जाएगा जो सार्वजनिक रूप से मोबाइल के माध्यम से बस टिकट बुक करने में सक्षम होगा।

नए माइक्रोसाइट www.bus.irctc.co.in के माध्यम से, ग्राहक अपने घरों में से ही बस की सीट का चयन करने के साथ अपनी पसंद की बसों में सीट बुक करने में भी सक्षम होंगे। आईआरसीटीसी ने ग्राहकों को ऑनलाइन बस की सीट बुकिंग सेवाओं को प्रदान करने के लिए 22 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों को कवर करते हुए 50,000 से भी अधिक राज्य सड़क परिवहन के साथ-साथ निजी बस ऑपरेटरों के साथ करार किया है।

ऑनलाइन बस बुकिंग की नई सुविधा ग्राहकों को विभिन्न प्रकार की बसों के साथ उनके मार्ग, सुविधाओं, समीक्षाओं, रेटिंगों, उपयुक्त बसों की सीट तक का चयन करने का विकल्प देगी। इसके साथ ही, यात्री ग्राहक अपने पिक-अप और ड्रॉप पॉइंट और टाइमिंग का चयन भी कर सकेंगे अंत में बैंक और ई-वॉलेट के माध्यम से छूट के साथ यात्री उचित मूल्य पर अपनी यात्रा बुक कर सकते हैं।

ट्रेन और फ्लाइट टिकट बुकिंग के लिए आईआरसीटीसी की सेवाओं का उपयोग करने वाले यात्रियों को आईआरसीटीसी की नई व्यावसायिक पहल, अंतिम गंतव्य की कनेक्टिविटी प्रदान करेगी।